>

Title: Regarding the payment of salaries to Madarsa teachers in Uttar Pradesh.

**श्री रितेश पाण्डेय (अम्बेडकर नगर):** अध्यक्ष जी, मानव संसाधन मंत्रालय द्वारा उत्तर प्रदेश के मदरसों में पढ़ रहे बच्चों के लिए 30 हजार शिक्षकों की नियुक्ति की गयी थी । इन 30 हजार शिक्षकों की नियुक्ति करने के बाद ग्रेजुएट टीचर्स को मात्र आठ हजार रुपये दिए जाते थे और पोस्ट ग्रेजुएट टीचर्स को 12 हजार रुपये सुनिश्चित किए गए थे । लेकिन बड़े दुख की बात है कि यह पैसा कम तो है ही, क्यों कि इसमें जीवनयापन नहीं हो सकता है, लेकिन पिछले चार साल से इन लोगों का पैसा, इन लोगों की सैलरी नहीं दी गयी है, मानदेय नहीं दिया गया है । मैं सदन के माध्यम से आपसे निवेदन करता हूं कि 11 करोड़ रुपया राज्य सरकार के पास फंसा हुआ है और 551 करोड़ रुपये केन्द्र सरकार के पास फंसा हुआ है । मेरा निवेदन है कि इस सदन के माध्यम से संबंधित मंत्री को निदेर्शित करें कि इन मदरसा टीचर्स का, जिसमें सभी धर्म के टीचर हैं, उनका पैसा जल्द से जल्द उनको दिया जाए । बहुत-बहुत धन्यवाद ।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री मलूक नागर और  श्री गिरीश चन्द्र को श्री रितेश पाण्डेय द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।